Seventeenth Loksabha

an>

Title: Re. Installation of Mobile Towers and providing internet- connectivity to the Naxal affected rural remote areas of Jamshedpur Parliamentary Constituency.

श्री बिद्युत बरन महतो (जमशेदपुर): सभापति महोदया, मैं आपका ध्यान एक अति महत्वपूर्ण विषय की ओर आकृष्ट कराना चाहता हूँ । जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत नक्सल प्रभावित ग्रामीण सुदूरवर्ती क्षेत्रों में संचार व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए इंटरनेट कनेक्टिविटी एवं मोबाइल टावरों की स्थापना हेतु मैं दो-तीन वर्षों से लगातार प्रयास कर रहा हूँ, परन्तु अभी तक सफलता नही मिल पाई है, जिसके कारण घाटशिला विधान सभा क्षेत्र के झाटीझरणा, गुडाबांधा, हडियानमजियान, बहरागोड़ा विधान सभा क्षेत्र के चाकुलिया प्रखंड के अंतर्गत बुडीकानपुर, फलदोहा, दक्षिणासोल, जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के पटमदा प्रखंड अंतर्गत जुडिसा, हुडुमबिल, बोडाम, लाचलम, मुकरूडीह, भुईया सिनान एवं पोटका विधानसभा क्षेत्र के डुमरिया प्रखंड अंतर्गत केन्दुआ, भंगबांधडीह, कवाली के ग्रामीण इलाकों में इंटरनेट कनेक्टिविटी एवं मोबाइल टावर नहीं रहने के कारण लगभग 74,000 प्रधान मंत्री आवास योजना ऑनलाइन नहीं होने के कारण स्वीकृत नहीं हो पाया एवं जन वितरण प्रणाली की दुकानों पर राशन लाभुकों को मशीन का बटन नहीं दबने के कारण राशन लेने में, साथ ही यहां के लोगों को बात करने के लिए मोबाइल में भी टावर नहीं होने पर पेड़ों पर चढ़कर बात करनी पड़ती है । उपरोक्त स्थानों पर आज के ‘डिजिटल इंडिया’ के युग में नेटवर्क एवं मोबाइल टावर नहीं होने के कारण जनता को नाना प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ।

महोदया, अत: आपसे निवेदन है कि वह स्थान, जो ट्राइबल और नक्सल प्रभावित इलाका है, वहां पर इन्टरनेट कनेक्टिविटी न होने की वज़ह से वह 75,000 प्रधान मंत्री आवास योजना ऑनलाइन न होने के कारण वंचित हो गया । इसलिए आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध करना चाहता हूं, हम लगातार तीन सालों से अनुरोध कर रहे हैं कि वहां कनेक्टिविटी के लिए मोबाइल टावर लगाया जाए, ताकि वहां के लोगों को सुविधा हो ।

धन्यवाद ।